# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2025

## तारांकित प्रश्न

## 12 मार्च 2025

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### पृथला खण्ड को उपमंडल के रूप में घोषित करना

*41 **श्री रघुबीर तेवतिया ( पृथला):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पृथला विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में 104 गांव हैं जिनमें से 34 गांव पलवल जिले के अंतर्गत आते हैं तथा 70 गांव फरीदाबाद जिले के अंतर्गत आते हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या पृथला खण्ड (जो पलवल जिले के अंतर्गत आता है) को उप मंडल के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या किसी भी एक सबसे बड़े गांव अर्थात् मोहना, छांयसा, अटाली, दयालपुर तथा फतेहपुर बिलोच (जो फरीदाबाद जिले के अंतर्गत आते हैं) को सब-डिवीजन के रूप में घोषित करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

### जगाधरी में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस.टी.पी) स्थापित करना

*42 **चौ. अकरम खान ( जगाधरी):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या जगाधरी, जिला यमुनानगर में एक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस.टी.पी) स्थापित किए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू किए की जाने की संभावना है?

----

## लोगों को स्वामित्व अधिकार देना

***43 श्री चन्द्र प्रकाश ( आदमपुर)ः**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2023-24 में हिसार जिले के पांच गांवों अर्थात् संजय नगर, बीड बबरान, राजीव नगर झिरी, ढंडूर तथा पीरांवाली के लोगों को उनके गांवों की भूमि का स्वामित्व अधिकार देने का निर्णय सरकार ने लिया था; तथा
(ख) यदि हां, तो इन गांवों में भूमि के लिए सरकार द्वारा क्या दर निर्धारित की गई है तथा लोगों को भूमि का स्वामित्व अधिकार देने के लिए अब तक सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा उपरोक्त लोगों को उनके घरों का स्वामित्व अधिकार कब तक दिए जाने की संभावना है?

----

## पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना

***44 श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा)ः**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-
क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव बरोदा, गंगाना, बुटाना, कथूरा, शामड़ी, मुंडलाना, भैंसवाल कलां, आहुलाना, जागसी, आंवली तथा रभड़ा के जलघर में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं है तथा जलघर से गांवों में पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइनें भी जर्जर हो चुकी हैं, जिसके कारण पानी की आपूर्ति बाधित है;
ख) क्या यह भी तथ्य है कि गांव मुंडलाना में पाइपलाइन बिछाने के लिए 3 करोड़ रुपए का अनुमान लगभग 1 वर्ष पूर्व भेजा गया था लेकिन अब तक इस संबंध में सरकार द्वारा कोई स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है; तथा
ग) यदि हां, तो उक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## बाबा मारकंडा नदी के तटबंधों की सफाई तथा मजबूत/पक्का करना

***45 श्री राम करण (शाहबाद)ः**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि बाबा मारकंडा की पवित्र नदी में समय-समय पर बाढ़ आती रहती है जिसके परिणामस्वरुप शाहबाद मारकंडा में बड़े पैमाने पर जान-माल की हानि होती है;
(ख) क्या बाबा मारकंडा नदी के तटबंधों की सफाई करने तथा मजबूत/पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसकी सफाई कब तक किए जाने की संभावना है तथा इसके तटबंधों के कब तक मजबूत/पक्का किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?

----

## मुख्यमंत्री घोषणा की वर्तमान स्थिति

***46 श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर)ः**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कीः-
(क) मुख्यमंत्री घोषणा कोड संख्या—10671 का ब्यौरा क्या है;
(ख) उपरोक्त घोषणा के अंतर्गत पूरे हुए/अधूरे पड़े कार्यों की अवस्थाएं क्या हैं; तथा
(ग) उपरोक्त कार्य के पूरा करने में देरी के कारण क्या हैं तथा उपरोक्त घोषणा के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## रिंग रोड़ का निर्माण करना

***47 श्री अशोक कुमार अरोड़ा (थानेसर)ः**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सडकें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या थानेसर (कुरुक्षेत्र) शहर के चारों ओर कोई बाहरी रिंग रोड़ के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## स्टेडियम का निर्माण करना

***48 श्री कपूर सिंह ( बवानी खेड़ा)ः**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि बवानी खेड़ा में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषित सिटी पार्क की भूमि पर स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित था परन्तु अब तक उसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है; तथा

(ख) यदि हां, तो मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 22524 की वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## मातनहेल तहसील को उपमंडल के रूप में घोषित करना

***49 श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला झज्जर की तहसील मातनहेल को उपमंडल के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## फिरनियों का निर्माण/मरम्मत करना

***50 श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि बादली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के विभिन्न गांवों अर्थात् पाटोदा, तुम्बाहेड़ी, मुबारिकपुर, कासनी, डावला, सिलानी, सिलाना, खुड्डन, समसपुर माजरा, सुरेहती, सुबाना, छप्पार, कोट, बाजितपुर, सिकंदरपुर, सुहरा, जहांगीरपुर, पेलपा, बामडोला, लाड़पुर, निमाणा, गोयला कलां, खेड़का गुज्जर, औरंगपुर, छबीली, दादरी तोए, याकूबपूर, फतेहपूर, इस्माइलपूर, मुंडाखेड़ा और बुपनिया की फिरनियां बहुत खराब स्थिति में है तथा उसमें न केवल बरसात के मौसम में बल्कि सामान्य दिनों में भी पानी जमा रहता है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त फिरनियों की मरम्मत/निर्माण कार्य कब तक किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## एस.टी.पी तथा सीवरेज प्रणाली लगाना/डालना

***51 श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पुण्डरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों हाबडी, करोडा तथा पबनावा की जनसंख्या 10 हजार से अधिक है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त गांवों में महाग्राम योजना के अंतर्गत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा सीवरेज प्रणाली को स्थापित करने का कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है

तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## खेतों के लिए बिजली आपूर्ति समय-सारणी को पुनर्निर्धारित करना

***52 श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि कोसली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के खेतों में बिजली आपूर्ति का समय प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक तथा प्रातः 2 बजे से प्रातः 10 बजे तक था, जिसे अब बदलकर क्रमशः प्रातः 7:15 बजे से सायं 3:15 बजे तक तथा रात्रि 8:30 बजे से प्रातः 4:30 बजे तक कर दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप किसानों को अपने खेतों की सिंचाई करने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या बिजली की आपूर्ति को पहले निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पुनर्निर्धारित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## सड़क का पुनर्निर्माण करना

***53 सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पेहवा से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के गेट नंबर 3 की मुख्य सड़क जीर्ण-शीर्ण/बहुत बुरी अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त सड़क का पुनः निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक पुनर्निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## सरकारी अस्पताल खोलना

***54 श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या हिसार के आजाद नगर में एक सरकारी अस्पताल खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

ख) इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## फसलों को बेसहारा पशुओं से बचाना

***55 श्रीमती शक्ति रानी शर्मा (कालका):**

क्या कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
क) क्या यह तथ्य है कि सोलर फेंसिंग के माध्यम से बेसहारा पशुओं जैसे नीलगाय इत्यादि से फसलों की सुरक्षा नहीं की जा सकती है; तथा
ख) यदि हां, तो क्या बेसहारा पशुओं से किसानों की फसलों को बचाने के लिए सोलर फेंसिंग के अलावा विभाग के पास कोई विकल्प उपलब्ध है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## विद्यालयों के भवन का निर्माण करना

***56 श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि हांसी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव कुलाना, सैनीपुरा, खरकड़ा, प्रेम नगर, मामनपुरा तथा मोची मोहल्ला में विद्यालयों के भवन नहीं हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त विद्यालयों के नए भवन का निर्माण कार्य आरम्भ किया गया था, लेकिन बाद में बजट की कमी के कारण रोक दिया गया था; तथा
(ग) यदि हां, तो क्या हांसी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में उपरोक्त विद्यालयों का बजट का आबंटन तथा नए भवनों के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त भवनों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## रेलवे उपरि पुल का निर्माण करना

***57 श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़के ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग 44 से राष्ट्रीय राजमार्ग 148-एन.ए. वाया सेक्टर 59 से 63 तथा सेक्टर 64 एवं 65 की विभाजक सड़क तक जोड़ने के लिए रेलवे ट्रैक पर रेलवे उपरि पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; तथा
(ख) उक्त रेलवे उपरि पुल का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## सीवरेज प्रणाली स्थापित करना

***58 श्रीमती कृष्णा गहलावत (राई):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या राई विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुंडली नगरपालिका क्षेत्र में यहां के गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज प्रणाली स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?

----

## बिजली के खंभो को स्थानांतरित करना

***59 श्री कँवर सिंह ( महेंद्रगढ़):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) महेंद्रगढ़ जिला में सड़कों पर असुरक्षित/खतरनाक स्थानों पर लगाए गए बिजली के खंभो का ब्यौरा क्या है; तथा
(ख) क्या उक्त खंभों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त खंभों को कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है?

----

## नफरत भरे भाषणों पर दर्ज एफ.आई.आर की संख्या

***60 चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-
क) राज्य में गत् 10 वर्षों के दौरान समाज में शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने और नफरत फैलाने वाले नफरत भरे भाषणों तथा सोशल मीडिया हैंडलों इत्यादि के खिलाफ सरकार द्वारा दर्ज की गई एफ.आई.आर. की संख्या कितनी है तथा उसका जिलावार ब्यौरा क्या है; तथा
ख) क्या ऐसे व्यक्तियों, मीडिया चैनलों, सोशल मीडिया हैंडलों तथा अन्य संबंधित सम्पर्कों के खिलाफ सरकार द्वारा कोई कार्रवाई शुरू की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----